हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, मंगलवार 7 जुलाई 2026


तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री


13 गोरकापार नाला उफान पर, आवागमन ठप, पुल...





12 बारिश में जरूरी सेवाएं बाधित न हों, कलेक्टर...







2011 से संचालित
शंकराचार्य
स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जुनवानी, भिलाई
B.c. NURSING & M.Sc. NURSING
प्रवेश के लिए संपर्क करें
मो.: 83193 47482
81030 45003
Website : ssscn.ac.in


## खबर संक्षेप

### शीतला तालाब में युवक का शव मिलने से सनसनी



गुण्डरदेही। नगर के वार्ड क्रमांक 13 शीतला तालाब में सोमवार दोपहर उस वक्त सनसनी फैल गई जब स्थानीय लोगों ने पानी में एक युवक का शव तैरता हुआ देखा। घटना की सूचना मिलते ही वार्ड पार्षद फैज बख्श व गुण्डरदेही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को तालाब से बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। मृतक की पहचान गुण्डरदेही वार्ड 13 निवासी संतोष पटेल उर्फ खंजर पिता स्वर्गीय माखन पटेल 32 वर्ष के रुप मे की गई। परिजन ने बताया कि युवक संतोष पटेल बीते शनिवार रात से घर नही आया था रोज की तरह रोजी मजदुरी का काम कर देर रात तक घर आता था युवक शराब का आदी था हम लोगो ने आस पास खोजबीन भी की सोमवार को दोपहर तकरीबन 1.30 बजे शीतला तालाब मे उनका शव मिलने की खबर मिली। बताया गया कि मृतक युवक की माता पिता का पहले से स्वर्गवास हो चुका है उनका बड़ा भाई सुनील पटेल एक हफ्ते से नागपुर गया हुआ है। दोनो भाई एक साथ रहते थे। दोनो की शादी नही हुई है। परिवार मे इनके चाची है जो अलग रहते है।

## मौसम : देवरीबंगला का गोठान तालाब फूटा, शराब दुकान में घुसा नाले का पानी

# मूसलाधार बारिश से नदी-नाले उफान पर, कई गांवों का संपर्क टूटा, बढ़ी परेशानी, जनजीवन अस्त-व्यस्त





हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

क्षेत्र में लगातार चार दिनों से हो रही मूसलाधार बारिश के कारण नदी-नाले उफान पर हैं। गहिरा नवागांव नाला, मार्री नाला, संबलपुर नाला तथा कसही (टटेंगा) नाला के पुलों पर दो से तीन फीट तक पानी बहने से दिनभर आवागमन बाधित रहा। कई गांवों का संपर्क मुख्य मार्गों से कट गया, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। तेज बहाव के कारण देवरीबंगला स्थित गोठान तालाब का बांध टूट गया।

■ हर बरसात में टापू बन जाता है कसही (टटेंगा) गांव

वहीं देवरीबंगला की देसी एवं अंग्रेजी शराब दुकान में छापा नाला का पानी घुस जाने से दिनभर बिक्री प्रभावित रही। लगातार बारिश के चलते खेतों में भी कृषि कार्य पूरी तरह ठप रहे। ग्राम कसही (टटेंगा) के ग्रामीण वर्षों से पुल निर्माण की मांग कर रहे हैं, लेकिन अब तक उनकी मांग पूरी नहीं हो सकी है। बरसात के दिनों में एक ओर नदी और दूसरी ओर नाला होने के कारण पूरा गांव टापू में तब्दील हो जाता है। इससे स्कूली बच्चों, महिलाओं, बुजुर्गों और ▶▶| शेष पेज 12 पर

## शीतला वार्ड में जलभराव से जनजीवन बेहाल, पालिका के खिलाफ फूटा आक्रोश







**बालोद।** नगर के शीतला वार्ड वार्ड क्रमांक 16 में लगातार हुई मूसलाधार बारिश ने नगर पालिका प्रशासन के दावों की पोल खोल कर रख दी है। पूरा वार्ड इस समय भारी जलभराव की समस्या से जूझ रहा है, जिससे स्थानीय नागरिकों का जीना मुहाल हो गया है। स्थिति इतनी विकराल हो गई कि गंदा पानी लोगों के घरों के भीतर तक घुस गया, जिससे घरों में रखा राशन, कीमती अन्य सामान को नुकसान हुआ। जिससे वार्ड वासियों में नगर पालिका प्रशासन के खिलाफ भारी आक्रोश है।

स्थानीय नागरिकों ने बताया कि उन्होंने पूर्व में आयोजित जन समस्या निवारण शिविर में नालियों की सफाई और जलभराव की आशंका को लेकर लिखित आवेदन सौंपा था। इसके बावजूद नगर पालिका प्रशासन ने इसे गंभीरता से नहीं लिया और कोई ठोस कदम नहीं उठाए।

वार्डवासियो ने कहा कि हद तो तब हो गई जब संकट की इस घड़ी में राहत पहुंचाना तो दूर, समय पर नगर पालिका का कोई भी जिम्मेदार अधिकारी या कर्मचारी मौके पर सुध लेने तक नहीं पहुंचा। जब प्रशासनिक मदद की उम्मीद टूट गई, तो वार्ड के नागरिकों ने खुद अपनी सुरक्षा का बीड़ा उठाया। सामाजिक कार्यकर्ता सुरेश निर्मलकर ने तत्परता दिखाते हुए प्रशासन का इंतजार किए बिना वार्ड के युवाओं को एकजुट किया। सुरेश निर्मलकर और वार्ड के युवाओं ने भारी बारिश के बीच खुद नालियों में उतरकर कचरा साफ किया और जाम पड़ी नालियों को खोला। युवाओं के इस सामूहिक प्रयास के बाद ही वार्ड से पानी की निकासी संभव हो सकी और लोगों को थोड़ी राहत मिली। शीतला वार्ड के नागरिकों ने नगर पालिका प्रशासन मांग की कि वार्ड की नालियों का ▶▶| शेष पेज 12 पर

### लगातार बारिश से जिले के किसान चिंतित, कई नदी-नाले उफान पर

अण्डा। पिछले 48 घंटों से लगातार हो रही मूसलाधार बारिश ने जनजीवन के साथ-साथ किसानों की चिंता भी बढ़ा दी है। खरीफ सीजन में जिन किसानों ने धान सहित अन्य फसलों की बुवाई कर दी है, उनके खेतों में पानी भर जाने से फसल को नुकसान पहुंचने की आशंका गहरा गई है। लगातार वर्षा के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में खेत जलमग्न हो गए हैं और कई स्थानों पर पानी की निकासी नहीं होने से स्थिति और गंभीर होती जा रही है। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार, बुवाई के बाद यदि खेतों में लंबे समय तक जल-जमाव बना रहता है, तो मिट्टी में ऑक्सीजन की कमी हो जाती है। ऐसी स्थिति में बीज सड़ने लगते हैं, अंकुरण प्रभावित होता है और पौधों की शुरुआती बढ़वार रुक जाती है। यदि अगले कुछ दिनों तक भी बारिश का सिलसिला जारी रहा, तो कई किसानों को दोबारा बुवाई करनी पड़ सकती है, जिससे उनकी लागत बढ़ेगी और उत्पादन पर भी असर पड़ सकता है। लगातार बारिश के कारण अण्डा, चिंगरी, छोटी,चंदखुरी,कुथरेल,जंजगिरी,झोला, खड़ा, रूदा, विनायकपुर, आमटी, भरदा, कोनारी, तिरगा, भोथली सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों की नदी-नाले उफान पर हैं। कई निचले इलाकों में पानी भर गया है, जिससे ग्रामीणों की आवाजाही प्रभावित हो रही है। कुछ संपर्क मार्गों पर भी पानी आने से लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों से नदी-नालों को पार करते समय विशेष सावधानी बरतने की अपील की जा रही है। किसानों का कहना है कि समय पर हुई बारिश खेती के लिए लाभदायक होती है, लेकिन लगातार 48 घंटे तक हुई मूसलाधार वर्षा अब चिंता का कारण बन गई है। खेतों में जमा पानी यदि जल्द नहीं निकला, तो फसलों को भारी नुकसान हो सकता है। किसान अब बारिश थमने और मौसम साफ होने की उम्मीद लगाए हुए हैं। वहीं कृषि विभाग ने किसानों को ▶▶| शेष पेज 12 पर

■ जलभराव से धान की फसल पर संकट, कृषि विभाग ने जारी की सलाह







शैलदेवी महाविद्यालय
Affiliated to Hemchand Yadav University, Durg
अंडा, दुर्ग
NAAC A
9575037637
6265377477
ADMISSION OPEN
BA (Home Science Geography)
BCom
MCom
Girls/Boys Hostel
BCA
DCA
PGDCA
Scholarship - 8000 to 13000/-
BSc Maths CS/Bio
MSc Physics/CS Chemistry
MSW
B.Lib
पढ़ाई के साथ-साथ सरकारी नौकरी की तैयारी भी...
Diploma in YOGA
B.Ed, D.El.Ed, B.Sc B.Ed.


## बारिश का कहर

### भानपुरी में अचानक धंसी जमीन, खेत में बना 20 फीट चौड़ा गड्ढा, किसानों में दहशत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

जिले में लगातार हो रही बारिश से जहां नदी नाले उफान पर है तो वही विकासखण्ड के ग्राम भानपुरी गांव में किसान के खेत मे अचानक 20 फीट लंबा चौड़ा गड्ढा हो गया, जिससे किसान सहित क्षेत्र में दहशत फैल गया। गड्ढा क्यो व कैसे हुआ यह कोई समझ नही पा रहा है। उक्त खेत के साथ आस पास के खेत की पानी जाते दिख रही है।

मिली जानकारी के अनुसार रविवार दिनभर बारिश के बाद सोमवार को सुबह ग्राम भानपुरी निवासी खेलन साहू पिता लेखूराम साहू अपने खेत देखने के लिए गया, जहां धान का फसल लगाए खेत में किसान को एक बड़ा गड्ढा नजर आया, जिसके बाद किसान उक्त जगह पर जाकर देखा तो खेत में 20 फीट लंबा चौड़ा व 20 से 25 फीट गहरा गड्ढा हो गया था, जहां खेत का सभी पानी के साथ आस पास के खेतो का भी पानी उक्त गढ्ढे में जाते दिख रहा है।

वही उक्त गड्ढा लगातार भूस्खलन के वजह से उसका आकार बढ़ता जा रहा है, वही अब किसान को इस वर्श अपने फसल की चिंता सता रही है जहां गड्ढा हो जाने के कारण उक्त किसान के साथ आस पास के किसान भी प्रभावित होंगे। क्षेत्र में ऐसी पहली घटना हुई है कि जमीन अचानक धस गई हो। अचानक जमीन धसने के पीछे का क्या कारण है यह कोई समझ नही पा रहा है।


अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI DAGANIA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A.* (Computer) 1 Year (10th Pass)
अग्रसेन एजुकेशन केम्पस,ग्राम -डगनिया, दुर्ग-बलोद मेन रोड, तह. गुण्डरदेही, जिला-बालोद (छ.ग.)
89595-93937 • 89595-44444

## खबर संक्षेप

### मदद के बहाने लूटपाट जुर्म दर्ज

**भिलाई।** मदद के बहाने एक्टिवा सवार अज्ञात युवकों ने मारपीट कर लूटपाट कर मौके से फरार हो गए। शिकायत पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि डेजी 392 तालपुरी ब्लाक बी भिलाई निवासी सूर्यंश सिंह कार वाशिंग का शॉप चलाता है। 3 जुलाई को सिविक सेंटर से अपनी स्कूटी सी.जी. 07 बी.डब्लू. 8103 में आया था। वापस अपने घर जाने के लिये निकला तभी सेक्टर 10 सडक 47 भिलाई के पास पहुंचा ते ही स्लीप होकर गिर गया। तभी दो अज्ञात एक्टीवा सवार युवक पहुंचे मदद के बहाने पीड़ित को हाथ मुक्का लात से मारपीट किया। उसके पास रखे तीन मोबाईल, घडी, सोने की चैन,नगदी रकम 1500 रूपये लुटकर फरार हो गए। आसपास खोजबीन करने के बाद युवकों की कोई जानकारी नहीं मिलने पर शिकायत पुलिस से किया। मामले में पुलिस जांच में जुटी हुई है। घटनाव को अंजाम देने वाले युवकों की उम्र करीब 25-27 बताई जा रही है। घटनास्थल के पास लगे सीसी कैमरों को पुलिस खंगाल रही है।

### सहकारी सप्ताह में हुआ पौधारोपण

**पाटन।** सेवा सहकारी समिति मर्यादित केसरा द्वारा सहकारी सप्ताह के अवसर पर समिति कार्यालय परिसर में वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान एवं किसानों को कृषि उपकरण वितरण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जनपद पंचायत पाटन की अध्यक्ष कीर्ति नायक थी। अपने उद्बोधन में जनपद पंचायत पाटन की अध्यक्ष कीर्ति नायक ने कहा कि सहकारिता किसानों की आर्थिक उन्नति, आत्मनिर्भरता और ग्रामीण विकास का सशक्त माध्यम है।

### 6 लाख नकद और जेवरात पार

**भिलाई।** गांव गए एक परिवार के मकान का ताला तोड़कर सोना चांदी के जेवरात और नगदी पार करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर जांच में लिया है। नंदिनी पुलिस ने बताया कि करनाईपुर रघुवंशी थाना दोशपुर जिला सुल्तानपुर उत्तरप्रदेश निवासी दीप जायसवाल का ग्राम नंदिनी खुंदनी में जायसवाल डम्पर हाउस के नाम से आयल ग्रिस बेचने की शॉप है। दो साल से बीएसपी क्वॉटर डीएवी स्कूल सेन्ट्रल एवन्यू रोड क्वार्टर नंबर 9 ए में परिवार समेत रहता है।

## पेज 11 का शेष

### मूसलाधार बारिश ...

ग्रामीणों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। कई बार लोगों को जान जोखिम में डालकर नदी-नाले पार करने पड़ते हैं। इससे विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित होती है, वहीं मरीजों को समय पर अस्पताल पहुंचाने में भी गंभीर दिक्कतें आती हैं। जनपद पंचायत के सभापति एवं भाजपा मंडल महामंत्री टुमन साहू ने बताया कि ग्राम कसही (टटेंगा) में पुल निर्माण के लिए वे कई बार लोक निर्माण विभाग के मंत्री एवं संबंधित अधिकारियों को आवेदन दे चुके हैं, लेकिन आज तक इस दिशा में कोई ठोस पहल नहीं हो सकी है। ग्रामीणों ने एक बार फिर शीघ्र पुल निर्माण की मांग उठाई है, ताकि बरसात के दौरान होने वाली परेशानी से स्थायी राहत मिल सके।

### लगातार बारिश से ....

सलाह दी है कि बारिश रुकने के बाद खेतों से अतिरिक्त पानी की निकासी की व्यवस्था करें तथा आवश्यकता पड़ने पर कृषि अधिकारियों से संपर्क कर तकनीकी सलाह लें। जिले में लगातार हो रही बारिश को देखते हुए ग्रामीणों से भी सतर्क रहने और अनावश्यक रूप से उफनती नदी-नालों के पास नहीं जाने की अपील की गई है।

### शीतला वार्ड में ...

तत्काल चौड़ीकरण और सु–ढ़ीकरण किया जाए। जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान खोजा जाए ताकि भविष्य में ऐसी स्थिति दोबारा न बने। उन्होने चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन ने जल्द ही इस समस्या का स्थायी समाधान नहीं निकाला, तो वार्डवासी नगर पालिका प्रशासन के खिलाफ उग्र आंदोलन करने और नगर पालिका कार्यालय का घेराव करने के लिए मजबूर होंगे।

---

**आयोजन : स्वास्थ्य, पेयजल, सड़क, खाद-बीज, जलाशयों और सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा**

# बारिश में जरूरी सेवाएं बाधित न हों, कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए पुख्ता इंतजाम के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने जिले के सभी विभाग प्रमुखों को वर्षा ऋतु के दौरान आम नागरिकों को जरूरी सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु पुख्ता उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर मिश्रा संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय–सीमा की बैठक में उपस्थित अधिकारियों को उक्ताशय के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने कहा कि वर्षा ऋतु के दौरान आम नागरिकों को मूलभूत एवं बुनियादी सुविधाओं के लिए कठिनाईयों का सामना न करना पड़े। इसके अंतर्गत उन्होंने वर्षा ऋतु के मद्देनजर जिले के सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में समुचित मात्र में दवाइयों एवं स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता, पहुँच मार्गोंर् की स्थिति, जिले के जलाशयों में जल भराव की स्थिति, पेयजल व्यवस्था आदि अति आवश्यक सेवाओं के प्रबंध के संबंध में विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान कलेक्टर ने बालोद जिले में सुघ्घर छत्तीसगढ़ अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु कार्य योजना बनाने के निर्देश भी दिए।

बैठक में मिश्रा ने स्वास्थ्य विभाग के कार्योंर् की समीक्षा करते हुए वर्षा ऋतु के दौरान मौसमी एवं जलजनित बीमारियों की रोकथाम की पुख्ता उपाय सुनिश्चित करने हेतु स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को पूरे समय मुस्तैदी के साथ कार्य करने को कहा। इसके लिए उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को जिले के सभी चिकित्सालयों एवं स्वास्थ्य केन्द्रों में समुचित मात्र में दवाइयों एवं अन्य स्वास्थ्य सुविधाओं के अलाव चिकित्सकों एवं चिकित्सा



कर्मियों की पूरे समय उपस्थिति सुनिश्चित कराने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि मौसमी बीमारियों की रोकथाम सुनिश्चित करने हेतु जिले के सभी चिकित्सालयों एवं स्वास्थ्य केन्द्रों के अलावा मितानिन आदि के पास पर्याप्त मात्र में दवाइयां उपलब्ध होनी चाहिए। उन्होंने सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में पर्याप्त मात्र में क्लोरिन की टैबलेट की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा उन्होंने वर्षा ऋतु के दौरान जिले में यातायात की सुचारू व्यवस्था, सड़कों के मरम्मत आदि कराने के भी निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि किसी भी स्थिति में मुख्य मार्ग के अलावा स्कूलों, आंगनबाड़ी केन्द्रों तक आवागमन करने में कठिनाई नही होना चाहिए। इसके लिए उन्होंने सड़क निर्माण विभाग के अधिकारियों को जरूरी उपाय सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में श्रीमती मिश्रा ने वर्षा ऋतु के दौरान आम नागरिकों को शुद्ध पेयजल की समुचित उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु किए जा रहे उपायों की समीक्षा की। उन्होंने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता एवं अन्य संबंधित विभाग के अधिकारियों को आम नागरिकों को शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु जरूरी उपाय सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता को तांदुला जलाशय सहित जिले के सभी जलाशयों में जल भराव की स्थिति की प्रतिदिन जानकारी देने के भी निर्देश दिए। श्रीमती मिश्रा ने मछली पालन विभाग के सहायक संचालक को वर्तमान में मछलियों के प्रजनन काल एवं संरक्षण को ध्यान में रखते हुए 15 अगस्त तक तालाबों एवं जलाशयों आदि में सभी प्रकार के मत्स्याखेट पर पूरी प्रतिबंध लगाने हेतु जारी किए गए निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने के भी निर्देश दिए। बैठक में श्रीमती मिश्रा ने मौजूदा खरीफ सीजन को देखते हुए जिले के सहकारी समितियों में खाद, बीज की उपलब्धता के संबंध में भी जानकारी ली।

उन्होंने कृषि विभाग के उप संचालक, जिला विपणन अधिकारी एवं सहकारिता विभाग के अधिकारियों को किसानों को समुचित मात्र में खाद, बीज की उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु जरूरी उपाय सुनिश्चित कराने के भी निर्देश दिए। बैठक में श्रीमती मिश्रा ने छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा सुशासन को जन–जन तक पहुंचाने और प्रत्येक पात्र परिवारों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित कराने शुरू किए गए सुघ्घर छत्तीसगढ़ अभियान के जिले में सफल क्रियान्वयन हेतु कार्य योजना बनाने के निर्देश भी दिए। इसके लिए उन्होंने प्रत्येक ग्राम पंचायतों में कैम्प भी आयोजित करने के निर्देश दिए।

बैठक में मिश्रा ने जिले में विभिन्न विभागों के द्वारा सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त आवेदनों के निराकरण हेतु की जा रही कार्रवाई की भी समीक्षा की। उन्होंने सभी विभाग प्रमुखों को सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त आवेदनों का निर्धारित समयावधि में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके लिए उन्होंने सभी विभागों में नोडल अधिकारियों की नियुक्त करने तथा आवेदकों से दूरभाष से चर्चा कर आवेदनों के निराकरण की स्थिति की जानकारी देने के भी निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर श्रीमती मिश्रा ने एग्रीस्टेक पोर्टल में किसानों की पंजीयन के कार्य की भी समीक्षा की। उन्होंने कृषि एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्धारित समयावधि तक जिले के शत प्रतिशत कृषकों का एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन कराने के निर्देश दिए। बैठक में मिश्रा ने सभी विभाग प्रमुखों को ईएचआरएमएस पोर्टल में अपने अधीनस्थ अधिकारी–कर्मचारियों का ऑनबोडिंर्ग के कार्यों के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने जिले के सभी अधिकारी–कर्मचारियों का ईएचआरएमएस पोर्टल में अनिवार्य रूप से ऑनबोडिंर्ग कराकर समय पर कार्यालय में उपस्थित सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने कलेक्टर जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की स्थिति की भी समीक्षा की। उन्होंने सभी विभाग प्रमुखों को निर्धारित समयावधि में प्राप्त आवेदनों का निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

---

## निशुल्क सरस्वती साइकिल वितरण योजना के तहत 106 छात्राओं को मिली साइकिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा

राज्य शासन की महत्वाकांक्षी निशुल्क सरस्वती साइकिल वितरण योजना के अंतर्गत पीएम श्री स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, डौंडी लोहारा में साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय की कुल 106 छात्राओं को निःशुल्क साइकिल प्रदान की गई। इनमें हिंदी माध्यम की 76 तथा अंग्रेजी माध्यम की 30 छात्राएं शामिल हैं।कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा छात्राओं को साइकिल प्रदान कर किया गया।

■ शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल

इस अवसर पर शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के सदस्य दिनेश जैन एवं सरोज पटेल, प्रभारी प्राचार्य रोहणी नायक, साइकिल वितरण प्रभारी मनसुखदास साहू सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभारी प्राचार्य श्रीमती रोहणी नायक ने कहा कि सरस्वती साइकिल वितरण योजना बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में शासन की एक सराहनीय एवं दूरदर्शी पहल है। इस योजना से दूरस्थ गांवों से विद्यालय आने वाली छात्राओं को आवागमन में सुविधा मिलेगी, समय की बचत होगी तथा उनकी नियमित उपस्थिति में वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि साइकिल मिलने से छात्राओं में आत्मनिर्भरता और आत्मविश्वास का विकास होगा तथा वे बिना किसी कठिनाई के अपनी पढ़ाई जारी रख सकेंगी। उन्होंने छात्राओं से साइकिल का सुरक्षित उपयोग करने, यातायात नियमों का पालन करने तथा नियमित रूप से विद्यालय आकर मन लगाकर अध्ययन करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं के चेहरों पर साइकिल मिलने की खुशी साफ दिखाई दी। छात्राओं एवं उनके अभिभावकों ने शासन की इस जनकल्याणकारी योजना के लिए आभार व्यक्त किया। विद्यालय परिवार ने विश्वास व्यक्त किया कि इस योजना से बालिकाओं की शिक्षा को नई गति मिलेगी तथा विद्यालय छोड़ने की प्रवृत्ति में कमी आएगी। कार्यक्रम का समापन छात्राओं को शुभकामनाएं एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ हुआ।

---

## 9 जुलाई से आवासहीन परिवारों का सर्वे पात्रों को मिलेगा निःशुल्क भूमि पट्टा

**गुण्डरदेही।** छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार नगर पंचायत गुण्डरदेही में पट्टाधृति अधिकार नियम–2023 के अंतर्गत पात्र आवासहीन परिवारों को निःशुल्क भूमि पट्टा प्रदान करने की प्रक्रिया प्रारंभ की जा रही है।

इसके तहत नगर पंचायत द्वारा वार्डवार सर्वेक्षण कार्य के लिए अधिकारियों एवं कर्मचारियों की टीम गठित कर दी गई है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा जारी आदेश के अनुसार 9 जुलाई 2026 से वार्डवार घर–घर सर्वे किया जाएगा। सर्वे दल संबंधित पटवारी एवं राजस्व निरीक्षक के साथ मिलकर पात्र हितग्राहियों की जानकारी एकत्र करेंगे तथा आवश्यक दस्तावेजों का सत्यापन करेंगे। साथ ही विशेष शिविरों के माध्यम से नागरिकों से आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। शिविरों में पात्र परिवारों को योजना की जानकारी देने के साथ–साथ दस्तावेजों की जांच भी की जाएगी, ताकि अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ मिल सके। नगर पंचायत प्रशासन एवं नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे सर्वे टीम को सही जानकारी एवं आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराकर सहयोग करें जिससे पात्र परिवारों को शासन की इस महत्वपूर्ण योजना का समय पर लाभ मिल सके।

---

## विधायक निषाद ने विद्यालयों का किया निरीक्षण...



**गुण्डरदेही।** विधायक कुंवर सिंह निषाद सोमवार को अपने गृह नगर के विभिन्न शासकीय विद्यालयों का निरीक्षण कर शैक्षणिक एवं मूलभूत व्यवस्थाओं का जायजा लिया। विद्यालयों में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों से आत्मीय संवाद कर अध्ययन–अध्यापन की स्थिति, स्वच्छता, पेयजल, मध्यान्ह भोजन, पुस्तक वितरण, भवन की स्थिति एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की। उन्होने कहा कि शिक्षा ही उज्ज्वल भविष्य की सबसे मजबूत नींव है और इसके लिए निरंतर प्रयास जारी रहेंगे। इस अवसर पर उपाध्यक्ष नगर पंचायत अर्जुन्दा अनुभव शर्मा, विधायक प्रतिनिधि दिग्विजय ठेठवार उपस्थित थे।

---

## कलेक्टर जनदर्शन में सुनीं लोगों की समस्याएं, त्वरित निराकरण के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आज आयोजित कलेक्टर जनदर्शन कार्यक्रम में जिले के विभिन्न स्थानों से अपने मांगों एवं समस्याओं के निराकरण हेतु पहुँचे आम नागरिकों के लिए राहत भरा साबित हुआ। इस दौरान कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने जिले के विभिन्न स्थानों से पहुंचे लोगों से मधुर एवं आत्मीय बातचीत कर उनकी मांगों एवं समस्याओं की जानकारी ली। इस अवसर पर उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को तलब कर आवेदकों के मांगों एवं समस्याओं के निराकरण हेतु त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। जनदर्शन में आज ग्राम खपरी के तारण कुमार ने किसान सम्मान निधि योजना का लाभ दिलाने, गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम कचांदुर क लक्ष्मी बाई ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किए। इसी तरह ग्राम नवागांव के खेमलाल ने श्रम कार्ड बनाने, गुरूर विकासखण्ड के ग्राम पलारी के शकुंतला ने राशन कार्ड में नाम जोड़ने, ग्राम हड़गहन के कोमल ने ऋण पुस्तिका में सुधार कराने एवं ग्राम पंचायत अंगारी के सरपंच ने मुक्ति धाम में सोलर लाईट लगाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किए। जनदर्शन में आज जिले के विभिन्न स्थानों से बड़ी संख्या में लोग कलेक्टर से मुलाकात करने पहुँचे थे।

■ किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री आवास, राशन कार्ड और श्रम कार्ड सहित विभिन्न मामलों के आवेदन



कलेक्टर मिश्रा ने जनदर्शन में पहुँचे लोगों से बारी–बारी से मुलाकात कर पूरी आत्मीयता से उनके मांगों एवं समस्याओं को सुना। मिश्रा ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों से जनदर्शन में पहुँचे लोगों के मांगों एवं समस्याओं के समुचित निराकरण हेतु त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

---

**सरस साहित्य समिति ने किया अभिनंदन, यात्रियों ने साझा किए प्रभास क्षेत्र और सोमनाथ मंदिर के अनुभव**

# सोमनाथ सांस्कृतिक यात्रा से लौटे विशिष्टजनों का गुण्डरदेही में सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुण्डरदेही

भारत शासन एवं छत्तीसगढ़ शासन संस्कृति विभाग के सौजन्य से 22 से 26 जून तक सोमनाथ स्वाभिमान एवं सांस्कृतिक यात्रा का आयोजन पूरी भव्यता के साथ किया गया। सोमनाथ की स्थापना के 1000 साल पूर्ण होने के उपलक्ष में इस यात्रा की रुपरेखा बनाई गई। जिसमें छत्तीसगढ़ के पद्मश्रीप्राप्त जन, राष्ट्रपति, राज्यपाल, विशिष्ट जन, कलाकारों साहित्यकारों को विशेष प्राथमिकता दी गई। इस तरह संपूर्ण छत्तीसगढ़ से 1008 लोगों के दल को बाबा सोमनाथ की यात्र में स्पेशल ट्रेन से मुख्यमंत्री द्वारा हरी झंडी दिखाकर प्रस्थान कराया गया।बालोद जिले से 16 गुणी जनों का चयन हुआ। सोमनाथ यात्र पूर्ण कर लौटे 9 विशिष्ट जनों का



सम्मान कार्यक्रम सरस साहित्य समिति गुण्डरदेही के तत्वावधान में किया गया 5 जुलाई को आयोजित इस सम्मान समारोह में पद्मश्री डोमार सिंह कुंवर, राष्ट्रपति पुरस्कृत तीन शिक्षक सेवानिवृत प्राचार्य सीताराम साहू श्याम, सेवानिवृत्त व्याख्याता जगदीश देशमुख, अर्जुन सिंह तारम पत्रकार संघ अध्यक्ष टीकम पिपरिया, बाल साहित्यकार बलदाऊ राम साहू, गीतकार प्यारेलाल देशमुख, अंतरराष्ट्रीय बांसुरी वादक दुष्यंत हरमुख, प्रसिद्ध तबला वादक राकेश साहू उपस्थित रहे। कार्यक्रम पेंशनर भवन गुण्डरदेही में हुआ। पूजा अर्चना पश्चात सरस साहित्य समिति के कवि गण अध्यक्ष अशोक साहू, विजय टंडन, दुष्यंत कौमार्य, जलज ताम्रकार, केशव राम साहू, थानमल जैन, दिगेन्द्र साहू, पारस गुजराती और पवन यादव ने अपनी रचनाएं सुनाई। यात्री अतिथियों का सम्मान अंग वस्त्र, श्रीफल, बैच तिलक चंदन एवं पुष्प माला से किया गया। सोमनाथ यात्रा का अनुभव सुनाते हुए प्रथम वक्ता वरिष्ठ साहित्यकार सीताराम साहू श्याम ने संपूर्ण यात्र का रोचक वर्णन किया उन्होंने बताया कि विध्वंस के बाद निर्माण और सृजन का जीवंत प्रमाण है। सोमनाथ का मंदिर दर्जनों बार आक्रमण के पश्चात भी सृजन का गीत गाता बाबा सोमनाथ का मंदिर आज भी अपनी गाथाएं सुनाते हुए वेरावल की धरती पर विराजित है। अरब सागर की उताल तरंगे बाबा सोमनाथ के चरण पखारती है यह प्रभास क्षेत्र भी कहलाता है जहां भगवान कृष्ण के पैरों में बहेलिया ने बान मारा और कान्हा जी परमधाम गए। गुजरात और छत्तीसगढ़ के सांस्कृतिक आदान–प्रदान का भी यह पुण्य प्रयास है। तुलसी मानस प्रतिष्ठान के प्रदेश अध्यक्ष जगदीश देशमुख ने भगवान शिव और भगवान राम के एकत्व दर्शन को रेखांकित किया शिव और राम एक दूसरे के आराध्य हैं सोमनाथ की पावन यात्र भारत की सांस्कृतिक चेतना का बिम्ब है।

बाल साहित्यकार बलदाऊ राम साहू ने कहा कि स्वाभिमान और संस्कृति को बचाए रखने का यह भारतीय शासन और जनमन का पुण्य प्रयास है। पद्मश्री डोमार सिंह कुंवर ने गीत और संगीत के बीच यात्रा की सहजता को बाबा भोलेनाथ की कृपा बताया। व्याख्याता अर्जुन सिंह तारम,टीकम पिपरिया ने अपनी यात्रा अनुभव को रोमांचकारी बताया। यात्रा के दरमियान बोगी नंबर 9 को गुरुत्वाकर्षण का केंद्र बनाने वाले संगीत के उस्ताद दुष्यंत हरमुख और तबला वादक राकेश साहू ने विशिष्ट जनों के साथ यात्रा को जीवन का बहुमूल्य पल निरूपित किया।

गीतकार प्यारेलाल देशमुख ने अपने अनुभव को गीतात्मक अभिव्यक्ति दी इस कार्यक्रम में संयोजक केशवराम साहू ने कार्यक्रम का सफल संचालन किया। घनघोर वर्षा के बावजूद बड़ी संख्या में विशिष्ट जन उपस्थित हुए जिनमें अरुण साहू, हरबंश मिश्रा, जेआर साहू, रामलाल सिंघारे, सुरेश सोनी, लालाराम साहू, रवि, अशोक दिल्लीवार, अर्जुन निषाद, सुखराम टंडन प्रमुख थे। अंत में समिति के अध्यक्ष अशोक साहू द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया। इस दौरान पद्मश्री डॉक्टर तीजन बाई के आकस्मिक निधन पर शोक सभा का आयोजन कर मौन श्रद्धांजलि दिया गया।

## खबर संक्षेप



### सूर्योदय स्मॉल फाइनेंस बैंक ने की 1.11 करोड़ की ठगी

**भिलाई।** ऋण किस्त और लोन क्लोजर का झांसा देकर सूर्योदय स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड ने 267 महिलाओं के साथ ठगी किया। शिकायत के बाद पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है। एएसपी मणीशंकर चंद्रा ने बताया कि अशोक कुमार वर्मा की संस्था सेव फाइनेंशियल मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड का सूर्योदय स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के साथ अनुबंध है। जो महिलाओं को ऋण दिलाता है। ऑडिट के दौरान धमधा शाखा में पदस्थ शाखा प्रबंधक एवं कर्मियों द्वारा ग्राहकों से मिले ऋण राशि, किस्त, लोन क्लोजर की राशि कंपनी में जमा नहीं करने की जानकारी मिली। कंपनी के कर्मियों को नोटिस जारी कर राशि जमा करने का समय दिया। बावजूद राशि जमा नहीं की गई और न ही नोटिस का जवाब दिया गया। ऑडिट में पाया गया कि शाखा प्रबंधक कर्मियों ने मिलकर ग्राहकों से 1.11 करोड़ 93 हजार 173 रुपये की राशि का गबन किया गया। जांच में पुलिस ने गवाहों और साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की तलाश कर साजा, जिला बेमेतरा निवासी अनिल विश्वकर्मा, पाटन संदीप कुमार खूंटीहरे को पकड़ा गया। पूछताछ करने पर दोनों ने घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत कर अन्य फरार की तलाश में पुलिस जुटी हुई है।

### बालोद में हमला : पांच युवक नेवई से गिरफ्तार

**भिलाई।** बालोद जिले में बेटी से बात करने से मना करने पर युवकों ने मिलकर साथियों के साथ पिता पर प्राणघातक हमला करने के मामले में बालोद पुलिस ने नेवई थाना क्षेत्र के 5 युवकों को गिरफ्तार कर ले गई। देवरी थाना प्रभारी मनीष शेंडे ने बताया कि 30 जून रात बालोद जिले के पिनकापार चौकी क्षेत्र के ग्राम संबलपुर में पहुंचकर नेवई निवासी भानु प्रताप जैन, नीरज रस्तोगी, तुषार निर्मलकर, दिनेश ढीमर,कुंदन यादव और बालोद निवासी दीपेश पटेल ने गौकरण साहू के सिर पर हमला कर दिया। गौकरण ने साल भर पहले भानूप्रताप जैन को बेटी से दूर रहने की सलाह दिया था। इसके अलावा भानू के माता पिता को बुलाकर फटकार भी लगाई थी। इसी बात को लेकर भानू रंजिश रखा हुआ था। मौका मिलते ही साथियों के साथ मिलकर घर में घुसकर गौकरण पर हमला कर दिया। घटना के समय ग्राम संबलपुर निवासी गौकरण साहू परिवार के साथ घर में सो रहे थे, तभी अचानक 6 युवक दो बाइक,एक स्कूटी से गांव पहुंचे। इनमें से दो आरोपी बाहर निगरानी करते रहे थे जबकि चार आरोपी मकान के भीतर घुस गए। जमकर बवाल मचाया। आवाज सुनकर परिजन उठ गए।







# गोरकापार नाला उफान पर, आवागमन ठप, पुल निर्माण की मांग तेज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंडा

बालोद जिला से लगभग 40 किलोमीटर के दूरी पर गुण्डरदेही विकासखंड के ग्राम चीचा के आश्रित ग्राम गोरकापार में स्थित नाला लगातार बारिश के बाद उफान पर है, जिससे आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया है। नाला पर पुल नहीं होने के कारण सबसे अधिक परेशानी स्कूली बच्चों और ग्रामीणों को उठानी पड़ रही है।

ग्राम पंचायत चीचा के सरपंच काशीराम साहू ने बताया कि गोरकापार नाला पर बड़े पुल के निर्माण के लिए कई बार जनप्रतिनिधियों और शासन-प्रशासन को आवेदन दिया जा चुका है, वहीं सुशासन तिहार में भी मांग उठाई गई थी, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि यह मुख्य मार्ग होने के कारण बरसात के दिनों में ग्रामीणों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।
ग्राम पंचायत ओडारसकरी के सरपंच अनिल कुमार सोनी ने भी गोरकापार नाला पर शीघ्र पुल निर्माण की मांग करते हुए कहा कि इससे क्षेत्र के हजारों लोगों को आवागमन में राहत मिलेगी।

## लगातार बारिश से उफान पर आए नदी-नाले, कई एनीकट हुए ओवरफ्लो





**बालोद।** जिले में एक दिन की लगातार हुई बारिश ने नदी नालो को तरबतर कर दिया। इसके साथ ही छमाछत बारिश के कारण कई एनीकट ओवरफ्लो होते दिखे जिसके कारण थोड़े समय के लिए आवाजाही बाधिक होती दिखी। रविवार हुई बारिश से जिले के कई नाले ओवरफ्लो हो गए जिसमें घुमका नाला, नवागांव एनीकट शामिल है। जिसमे एक दिन के पानी में ही नाले व एनीकट ओवरफ्लो हो गए जिससे राहगिरो को आने जाने में समस्या का सामना करना पड़ा जहां एक दिन ओवरफ्लो होने के बाद स्थिति सामान्य हो गई।

## जर्जर मकान में रहने को मजबूर परिवार, बारिश में आधी दीवार गिरी



**अण्डा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम तिरगा के वार्ड क्रमांक 14 में रहने वाले चैतराम निषाद एवं जगौती बाई का मकान अत्यंत जर्जर स्थिति में है। मकान रहने योग्य नहीं होने के बावजूद परिवार को अब तक प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिल पाया है। परिवार ने बताया कि उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवेदन किया था और ऑनलाइन प्रक्रिया भी पूरी की थी, लेकिन उनका नाम अब तक पात्र हितग्राहियों की सूची में शामिल नहीं हुआ। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण परिवार जर्जर मकान में रहने को विवश है। लगातार हो रही बारिश के बीच मकान की स्थिति और भी खराब हो गई है। तेज बारिश के कारण मकान की एक दीवार आधी गिर चुकी है, जबकि शेष हिस्सा भी कभी भी ढह सकता है। मकान के छप्पर पर केवल झिल्ली डाली गई है, जिससे बारिश का पानी पूरे घर में भर गया है। ऐसे हालात में परिवार भय के साये में जीवन यापन कर रहा है। इस संबंध में उपसरपंच सूखितराम ढीमर ने बताया कि लगातार बारिश के कारण जर्जर मकान की स्थिति बेहद चिंताजनक हो गई है। वहीं गौवतार बाई ढीमर (वार्ड क्रमांक 8) ने भी मकान की खराब स्थिति की जानकारी दी। ग्राम में यह जर्जर मकान अब किसी बड़े हादसे का कारण बन सकता है। बारिश के इस मौसम में परिवार की सुरक्षा को लेकर चिंता

---

**कलेक्टर ने कार्यकुशलता और योगदान की सराहना की**

# कार्यपालन अभियंता एस.के. बंड हुए अधीक्षण अभियंता पद पर पदोन्नत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद



बालोद जिले में पदस्थ छत्तीसगढ़ विद्युत वितरण कपंनी के कार्यपालन अभियंता एसके बंड के अधीक्षण अभियंता पद पर पदोन्नत होने पर बालोद जिला प्रशासन की ओर से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई है।

संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित संक्षिप्त समारोह के अवसर पर कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी, अपर कलेक्टर एवं एसडीएम बालोद नूतन कंवर सहित जिले के सभी अधिकारियों ने एसके बंड के मधुर एवं आत्मीय व्यवहार तथा उनके कार्य कुशलता की भूरी–भूरी सराहना करते हुए नई एवं महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के लिए बधाई देते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ विद्युत वितरण कपंनी के कार्यपालन अभियंता श्री एसके बंड को पदोन्नति के पश्चात मुख्य अभियंता कार्यालय रायपुर में अधीक्षण अभियंता के पद पर पदस्थ किया गया है। इस अवसर पर राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारीगण उपस्थित थे। इस अवसर पर कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने कार्यपालन अभियंता श्री एसके बंड के अधीक्षण अभियंता के पद पर पदोन्नत होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं भी दी। उन्होंने श्री बंड के कार्य एवं व्यवहार की सराहना करते हुए उन्हें एक कुशल, जिम्मेदार एवं कर्तव्यनिष्ठ अधिकारी बताया। उन्होंने कहा कि श्री बंड ने अपने कार्यकाल के दौरान प्रोजेक्ट दिनकर एवं मल्टी विलेज स्कीम जैसे महत्वपूर्ण कार्योंर् को समय पर पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। श्रीमती मिश्रा ने जिला प्रशासन के प्रोजेक्ट दिनकर के महत्वपूर्ण कार्य को निर्धारित समयावधि में पूरा करने में उनके महत्वपूर्ण योगदान की भूरी–भूरी सराहना की। उन्होंने कहा कि इसके अलावा मल्टी विलेज स्कीम को मूर्त रूप देने में भी श्री बंड का अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान है। श्रीमती मिश्रा ने अपने विभागीय कार्योंर् के अलावा श्री बंड जिला प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे मिशन गोद अभियान के अंतर्गत गोद लिए बच्चों की समुचित देखभाल कर एक कुशल अधिकारी के साथ–साथ संवेदनशीलता का भी परिचय दिया। उन्होंने श्री बंड के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए नई एवं महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के लिए अपनी शुभकामनाएं दी। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकार सुनील चंद्रवंशी ने कार्यपालन अभियंता श्री बंड के कार्योंर् की सराहना करते हुए जिला प्रशासन का एक जिम्मेदार, संवेनदशील एवं कुशल अधिकारी बताया। इस अवसर पर कलेक्टर एवं अधिकारियों ने एसके बंड को प्रशस्ति पत्र एवं पौधा भेंट कर सम्मानित भी किया गया। इस मौके पर कार्यपालन अभियंता एसके बंड ने बालोद जिले में अपने पदस्थापना के दौरान कलेक्टर, सीईओ जिला पंचायत सहित जिले के सभी अधिकारी–कर्मचारियों से मिले सहयोग एवं आत्मीय व्यवहार की सराहना करते हुए सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

# समता कॉलोनी समिति स्थापना दिवस पर सेवानिवृत्त प्रधानपाठक गिरीश शर्मा सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद



- विचार गोष्ठी व न्योता भोज का आयोजन, नपा अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी ने दी शुभकामनाएं

समता कालोनी में समिति स्थापना दिवस के अवसर पर शिक्षा विभाग से सेवानिवृत्त प्रधानपाठक गिरीश शर्मा का सम्मान किया गया। इस अवसर पर न्योता भोज का आयोजन किया गया। नगर पालिका परिषद अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी एवं पार्षद सुमित शर्मा, आशा बाई पटेल के आतिथ्य में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। समता कालोनी संघर्ष एवम विकास समिति के तत्वाधान में सभी कालोनी वासियो, शिक्षक स्टाफ के द्वारा समिति के स्थापना दिवस के अवसर पर समिति के वरिष्ठ सदस्य गिरीश शर्मा का सम्मान कार्यक्रम एवं समिति स्थापना विचार गोष्ठी सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्यातिथि गिरीश शर्मा, सेवानिवृत्त प्रधानपाठक पूर्व माध्यमिक शाला बेलमाण्ड थे। अध्यक्षता अध्यक्ष नगर पालिका परिषद बालोद प्रतिभा चौधरी ने किया। विशिष्ट अतिथि पार्षद वार्ड क्र0 12 सुमित शर्मा, वार्ड क्र0 14 आशा पटेल, सुनीता पटेल, कैलाशनन्द, यूएल देशमुख थे। प्रतिभा चौधरी ने इस अवसर पर समिति सदस्यों के साथ सेवानिवृत्त गिरीश शर्मा का श्रीफल साल एवं सम्मानपुष्प से सम्मानकर उन्हें उनके सफल शैक्षिक जीवन के लिए बधाई दिए साथ ही समता कालोनी विकास समिति के इस प्रकार पारिवारिक कार्य की भूरी भूरी प्रशंसा किये एवम बालोद नगर के लिए इसे ऐतिहासिक बताये। समता कॉलोनी संघर्ष एवं विकास समिति के समस्त सदस्य दुष्यंत देशमुख, घनाराम देशमुख, जितेंद्र ठाकुर, रतिराम साहू, कामता साहू, हुलसी देशमुख, थालेश देशमुख, अंगेश्वरी गोस्वामी, सुनीता शर्मा, सीमा जामवन्ते, सुनीता पटेल, भूपेश देशमुख, सन्ध्या देशमुख, लता साहू, ललिता यादव, कविता तांडव, वेणु हिरवानी, जुगुल राम निषाद, अमर भुआर्य, वीरेंद्र पटेल, पवन यादव, नरोत्तम मार्कण्डेय, रूपनरायन देशमुख, ओमप्रकाश हीरवानी, धनेश्वर साहू, प्रफ्फुल सोनकर, दे० साहू, ग्वालिन बाई साहू, दीप्ती साहू, शीतल ठाकुर,चित्रणी निषाद,लता साहू,उर्मिला मार्कण्डेय के साथ अधिकाधिक संख्या में बच्चे माताये, पुत्र, पुत्रिया कालोनी वासी उपस्थित थ। कार्यक्रम का संचालन अध्यक्ष गजेन्द्रपुरी गोस्वामी ने किया।
















विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**नवोदय में चयनित छात्रा का हुआ सम्मान**

# उमरपोटी प्राथमिक शाला में हर्षोल्लास से मनाया गया प्रवेश उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जामगांव आर





- नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत, नि:शुल्क पुस्तकें व गणवेश वितरित,

शासकीय प्राथमिक शाला उमरपोटी, संकुल आगेसरा में शाला प्रवेश उत्सव संपन्न हुआ। यह आयोजन केवल नवप्रवेशी विद्यार्थियों का स्वागत नहीं, बल्कि ज्ञान, संस्कार और उज्ज्वल भविष्य की ओर उनके प्रथम पावन कदम का उत्सव था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच ग्राम पंचायत गातापार–उमरपोटी रेवाराम साहू थे। विशिष्ट अतिथि व्याख्याता हाई स्कूल आगेसरा गिरधर वर्मा, प्रधान पाठक शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बटरेल डीआर. वैघ, उच्च वर्ग शिक्षिका पूर्व माध्यमिक शाला बटरेल चमेली साहू, अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति केशराम ठाकुर, सांसद प्रतिनिधि प्रेमीन साहू, विधायक प्रतिनिधि पीलूराम साहू, रोजगार सहायक चोवाराम नेताम मंचासीन रहे। शाला प्रबंधन समिति के समस्त सदस्यगण, पंचगण, पालकगण तथा छात्र–छात्रओं की गरिमामयीी उपस्थिति में नवप्रवेशी विद्यार्थियों का गुलाल एवं तिलक लगाकर आत्मीय स्वागत किया गया। खीर–पूरी वितरण हुआ। उपरांत विद्यार्थियों को नि:शुल्क पाठ्य–पुस्तकों एवं गणवेश का वितरण किया गया।

**नवोदय में चयन से खुशियां:** विद्यालय की प्रतिभाशाली छात्र सांची साहू के नवोदय विद्यालय बोरई में चयन होने की खुशियां मनाई गई। इस उत्कृष्ट उपलब्धि पर शाला परिवार ने छात्र एवं उनके माता–पिता डेमन्त साहू एवं हितेश्वरी साहू को सम्मानित किया गया।

### चंदन है इस देश का माटी

व्यख्याता गिरधर वर्मा ने प्रेरणादायी कविता–पाठ कर मंत्र मुग्ध किया। प्रधानपाठक डी. आर. वैघ ने कहा कि शिक्षा रूपी यज्ञ तभी पूर्ण होता है, जब पालक बालक और शिक्षक का समर्पण, सहयोग और विश्वास के साथ अपनी–अपनी भूमिका का निष्ठापूर्वक निर्वहन करें। गिरधर वर्मा ने चंदन है इस देश की माटी गीत की ओजस्वी प्रस्तुति देकर सम्पूर्ण वातावरण को राष्ट्रभक्ति, आध्यात्मिक ऊर्जा और सकारात्मक भावों से ओतप्रोत कर दिया। स्कूल शिक्षा सेवा संस्कार का संगम है आयोजन का कुशल नेतृत्व प्रधानपाठक शासकीय प्राथमिक शाला उमरपोटी बीआर. निषाद ने कहा कि विद्या केवल अक्षरों का ज्ञान नहीं, बल्कि आत्मा का आलोक है। शिक्षा, संस्कार और सेवा का संगम होता है, वहीं से उज्ज्वल भविष्य का सूर्योदय होता है।शाला प्रवेश उत्सव ज्ञान संस्कार की धारा में नवजीवन का मंगल प्रवेश है।

## खबर संक्षेप

### उत्कर्ष योजना प्रवेश परीक्षा परिणाम पर 9 जुलाई तक दावा-आपत्ति आमंत्रित

**बालोद।** मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं जनजाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजनान्तर्गत कक्षा 6वीं प्रवेश परीक्षा परिणाम हेतु 09 जुलाई 2026 तक दावा–आपत्ति आमंत्रित की गई है। आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं जनजाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना (पूर्व में जवाहर उत्कर्ष योजना) योजनांतर्गत वर्ष 2026–27 में कक्षा 6वीं में प्रवेश परीक्षा 05 जुलाई 2026 को आयोजित की गई थी। प्रवेश परीक्षा के आयोजन के उपरांत परीक्षा परिणाम हेतु 09 जुलाई 2026 तक दावा–आपत्ति आमंत्रित की गई है। उन्होंने बताया कि विद्यार्थी अपना परीक्षा परिणाम जिले की वेबसाईट एवं संबंधित विकासखंड के कार्यालय के माध्यम से देख सकते हैं।

### जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक 8 को

**बालोद।** जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा की अध्यक्षता में बुधवार, 08 जुलाई 2026 को दोपहर 03 बजे से संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में सभी जिला समन्वयक अपने अधीनस्थ समस्त शाखाओं का शासकीय योजना अंतर्गत किए गए ऋण स्वी—ति एवं वितरणों की अद्यतन जानकारी के साथ निर्धारित समय एवं तिथि में उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं।

### 15 अगस्त तक जिले में मत्स्याखेट पर प्रतिबंध

**बालोद।** जिले में मछलियों के प्रजनन एवं संरक्षण को ध्यान में रखते हुए वर्षा ऋतु में 15 अगस्त 2026 तक सभी प्रकार के मत्स्याखेट को पूरी तरह से प्रतिबंधित किया गया है। सहायक संचालक मछली पालन ने बताया कि वर्षा ऋतु में मछलियों की वंश वृद्धि (प्रजनन) को दृष्टिगत रखते हुये उन्हें संरक्षण देने हेतु राज्य में छत्तीसगढ़ नदीय मत्स्योद्योग अधिनियम 1972 की धारा 03, उपधारा 02, के तहत 16 जून से 15 अगस्त 2026 तक क्लोज सीजन के रूप में घोषित किया गया हैं। उन्होंने बताया कि जिले के सभी तालाबों एवं जल स्त्रेतों में जिनका संबंध नदी नालों से नहीं हैं, के अतिरिक्त जलाशयों में किये जा रहे केज कल्चर को छोड़कर, सभी प्रकार के जल संसाधनों में 16 जून से 15 अगस्त 2026 तक मत्स्योखट कार्य पूर्णतः निषिद्ध रहेगा। नियमों का उल्लंघन करने पर छत्तीसगढ़ जन विश्वास (प्रावधानों का संशोधन) (द्वितीय) अधिनियम, 2025 के अनुसूची 4 अनुसार, छत्तीसगढ़ मत्स्य क्षेत्र अधिनियम 1948 की धारा 05 के तहत 25 हजार रूपये तक की शास्ति से दंडित किये जाने का प्रावधान है। उक्त नियम केवल छोटे तालाब या अन्य जल स्त्रेत जिनका संबंध किसी नदी नाले से नहीं हैं, के अतिरिक्त जलाशयों में किये जा रहे केज कल्चर में लागू नहीं होगें।

### 4 स्थायी 3 गिरफ्तारी वारंट के आरोपियों को पकड़ा

**भिलाई।** अभियान चलाकर सुपेला पुलिस ने चार स्थायी वारंटी और तीन गिरफ्तारी वारंट तामिल किया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि विभिन्न स्थानों पर घेराबंदी कर न्यायालय से जारी स्थायी वारंट और गिरफ्तारी वारंट वाले आरोपियों को पकड़ा गया है।

**आयोजन :** जिला कार्यालय से लेकर बूथ स्तर तक हुए आयोजन

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती पर भाजपा ने दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

भारतीय जनसंघ के संस्थापक, प्रखर राष्ट्रवादी चिंतक, महान शिक्षाविद एवं देश के प्रथम उद्योग एवं आपूर्ति मंत्री डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय बालोद सहित जिले के विभिन्न स्थलों एवं बूथ स्तर पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिला भाजपा कार्यालय में डॉ. मुखर्जी के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित की गई।

इस अवसर पर वरिष्ठ नेता पवन साहू, कृष्णकांत पवार, राकेश छोटू यादव, जितेंद्र साहू, प्रेम साहू, विनोद जैन, दुर्जन साहू सहित पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि 6 जुलाई 1901 को बंगाल की पवित्र धरती पर जन्मे डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एक विलक्षण प्रतिभा, राष्ट्रवादी विचारक एवं युगपुरुष थे। उन्होंने अल्पायु में ही शिक्षा के क्षेत्र में असाधारण उपलब्धियां अर्जित कीं। वर्ष 1921 में अंग्रेजी ऑनर्स तथा 1923 में बंगाल साहित्य एवं विधि की शिक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया तथा मात्र 23 वर्ष की आयु में कोलकाता विश्वविद्यालय के सिंडिकेट सदस्य बने। 33 वर्ष की आयु में वे कोलकाता विश्वविद्यालय के सबसे युवा कुलपति बने। वक्ताओं ने बताया कि डॉ. मुखर्जी ने शिक्षा के क्षेत्र में कृषि शिक्षा, शिक्षक प्रशिक्षण, महिला शिक्षा एवं हिंदी पाठ्यक्रमों को बढ़ावा दिया। उन्होंने वर्ष 1937 में गुरुदेव रविंद्रनाथ टैगोर को बंगाली भाषा में दीक्षांत भाषण देने के लिए प्रेरित किया। वर्ष 1939 में वे वीर सावरकर के संपर्क में आए और हिंदू महासभा से जुड़कर राष्ट्रीय एकता एवं सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के विचारों को मजबूत किया।

उन्होंने कहा कि देश विभाजन के कठिन दौर में डॉ. मुखर्जी ने पश्चिम बंगाल को भारत में बनाए रखने के लिए ऐतिहासिक भूमिका निभाई। स्वतंत्रता के बाद महात्मा गांधी एवं सरदार वल्लभभाई पटेल के आग्रह पर वे देश के प्रथम उद्योग एवं आपूर्ति मंत्री बने। वक्ताओं ने कहा कि पूर्वी पाकिस्तान में हिंदुओं पर अत्याचार एवं नेहरू–लियाकत समझौते के विरोध में उन्होंने सिद्धांतों के लिए केंद्रीय मंत्रिमंडल से इस्तीफा देकर आदर्श राजनीतिक आचरण का उदाहरण प्रस्तुत किया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सहयोग से उन्होंने भारतीय जनसंघ की स्थापना की, जो आज भारतीय जनता पार्टी के रूप में विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक दल के रूप में राष्ट्र सेवा कर रहा है।

## राष्ट्रसेवा और अखंड भारत के विचारों को किया गया स्मरण




डॉ. मुखर्जी ने "एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे" का उद्घोष करते हुए अखंड भारत की अवधारणा को सशक्त स्वर दिया। जम्मू–कश्मीर में परमिट व्यवस्था के विरोध में उन्होंने बिना परमिट प्रवेश कर आंदोलन का नेतृत्व किया। 8 मई 1953 को उन्हें गिरफ्तार कर नजरबंद किया गया तथा संदिग्ध परिस्थितियों में उनका निधन हो गया।

वक्ताओं ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सपनों को आज भारतीय जनता पार्टी एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में साकार किया जा रहा है। जम्मू–कश्मीर से धारा 370 हटाकर देश में एक संविधान, एक निशान और एक विधान की भावना को सशक्त किया गया है। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने भारत माता के इस महान सपूत को श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

## डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर भाजपा मंडल डोंडी ने दी श्रद्धांजलि



**डोंडी।** प्रखर राष्ट्रवादी विचारक एवं भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के अवसर पर भाजपा मंडल डोंडी द्वारा स्थानीय रेस्ट हाउस में श्रद्धांजलि एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व भाजपा मंडल डोंडी के जिला भाजपा कोषाध्यक्ष मनीष झा, उपाध्यक्ष राजेंद्र नाहर एवं महामंत्री हिंसा राम साहू ने किया। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष मुकेश कौड़ो, नगर पंचायत अध्यक्ष मोहन्तिन चौरका, नगर पंचायत उपाध्यक्ष संजीव मानकर, युवा मोर्चा अध्यक्ष शिवम दुबे, वरिष्ठ भाजपा नेता दिनेश अग्रवाल, रामनारायण धनकर,साधना सोरी, संध्या निषाद, रुपेश ढेलड़िया, विक्की जायसवाल सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा उनके राष्ट्रवाद, एकात्मता और अखंड भारत के विचारों को स्मरण किया। वक्ताओं ने कहा कि डॉ. मुखर्जी का जीवन राष्ट्रसेवा, त्याग और समर्पण का अनुपम उदाहरण है। उनके विचार आज भी देश के युवाओं और समाज को राष्ट्रहित में कार्य करने की प्रेरणा देते हैं। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के आदर्शों पर चलने तथा राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

- विचार गोष्ठी में राष्ट्रवाद, एकात्मता और अखंड भारत के विचारों को किया गया याद

# कलंगपुर में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/कलंगपुर

सहकारी सप्ताह के तहत सेवा सहकारी समिति कलंगपुर में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। उक्त आयोजन सहकारिता मंत्रलय की स्थापना के 5 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 29 जून से 6 जुलाई तक देशभर में सहकारी सप्ताह के रूप में किया गया। जिसके तहत पैक्स द्वारा संचालित प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि केन्द्र सेवा सहकारी समिति में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया, जिसका शुभारंभ उपाध्यक्ष जिला सहकारी केंद्रीय बैंक दुर्ग नरेश यदु के मुख्य आतिथ्य में छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा अर्चना कर किया गया। इस अवसर पर सहकारिता सीईओ भूपेन्द्र मंडावी, ब्रांच मैनेजर गुण्डरदेही महावीर प्रसाद ठाकुर, प्राधिकृत अधिकारी दिलीप कुमार कुल्हाड़े, ग्रामीण अध्यक्ष कलंगपुर कुशल राम साहू, समाज सेवी दिलीप जैन, तीजू कुल्हाड़े, समिति प्रबंधक यशवंत साहू, सुफल साहू, बंसत ठाकुर सहित सेवा सहकारी समिति के कर्मचारी गण उपस्थित रहे। स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ पश्चात कलंगपुर सहित आस–पास ग्रामों से पहुंचे लगभग 130 लोगों की इस शिविर में उपस्थित चिरायु टीम की अधिकारी कर्मचारी के द्वारा जांच कर निःशुल्क दवाई दी।

- 130 ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण, चिरायु टीम ने वितरित की नि :शुल्क दवाइयां

# कुथरेल स्कूल में छात्र प्रतिनिधियों का चयन



**अण्डा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुथरेल में सोमवार को छात्र-छात्राओं के नेतृत्व कौशल एवं जिम्मेदारी की भावना को विकसित करने के उद्देश्य से विभिन्न छात्र प्रतिनिधियों का चयन किया गया। इस दौरान विद्यालय में कक्षा प्रतिनिधि, सांस्कृतिक प्रतिनिधि, स्वच्छता एवं अनुशासन प्रभारी सहित विभिन्न पदों के लिए चुनाव एवं चयन प्रक्रिया संपन्न हुई। चुनाव में कक्षा 12वीं की छात्रा सुष्मिता देशमुख को छात्रा प्रतिनिधि तथा कक्षा 12वीं के छात्र शुभम सोनवानी को छात्र प्रतिनिधि चुना गया। चयनित प्रतिनिधियों को विद्यालय परिवार ने बधाई देते हुए उनके सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य सुरेश कुमार गौतम, व्याख्याता विरेन्द्र वर्मा तथा विद्यालय के समस्त शिक्षकों ने नव-निर्वाचित छात्र प्रतिनिधियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करें और विद्यालय के अनुशासन, स्वच्छता तथा शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाएं। कार्यक्रम का समापन सभी चयनित प्रतिनिधियों के सम्मान एवं शुभकामनाओं के साथ हुआ।

# पेंशनधारी कल्याण संघ की मासिक बैठक में 20 जुलाई के धरना प्रदर्शन में शामिल होने का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ की मासिक बैठक पेंशन भवन शिकारीपारा बालोद में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता डॉ आरएम चावड़ा ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त व्याख्याता कमला वर्मा, विशेष अतिथि शतरूपा साहू, डब्ल्यू आर वानखेडे, रूपराम साहू एवं राजेंद्र वर्मा थे। बैठक का प्रारंभ विद्या की आराध्य देवी मां सरस्वती की पूजा एवं सरस्वती गीत वर दे वीणा वादिनी वर दे से प्रारंभ हुआ। अध्यक्ष डॉ आरएम चावड़ा ने गत माह की गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रांतीय अध्यक्ष के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ राज्य पुनर्गठन अधिनियम 2000 की धारा 49/6 को विलोपित हटाने एवं पेंशनर की 14 सूत्री मांग पत्र के तहत 20 जुलाई को राज्य स्तरीय धरना प्रदर्शन संगठन द्वारा किया जा रहा है उसमें सम्मिलित होने का आव्हान किया गया। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों के द्वारा कहा गया हमारा समय हमारे लिए होना चाहिए। इतने दिनो तक हम अपने जीवन को परिवार एवं बच्चों के लिए समर्पित किया है। अब अपने आप के लिए पूरा समय देना होगा। प्रोफेसर डीआर वैद्य अंध श्रद्धा एवं अंधविश्वास की घटनाओं का वर्णन करते हुए उसे बचे रहने का सलाह दिया। इस माह के अंत तक इनकम टैक्स रिटर्न भरने के लिए सभी को निर्देशित किया गया।

- 14 सूत्रीय मांगों पर हुई चर्चा, सेवानिवृत्त कर्मचारियों से संगठन को मजबूत करने की अपील





मुख्य अतिथि कमला वर्मा ने अपने जीवन में किए गए कार्योर् का संक्षिप्त विवरण बताते हुए कहा कि मैं शासकीय सेवा में रहते हुए रेड क्रॉस सोसाइटी एवं स्काउट गाइड तथा खेलकूद में सफलता पूर्वक कार्य करते हुए राज्य सरकार से अनेक पुरस्कारों से सम्मानित हुई। संघ के कार्योर् के लिए आर्थिक सहयोग तथा समर्पित रूप से संगठन के कार्योर् में अपनी सहभागिता प्रदान करने का संकल्प दोहराया। गत दिनों दिवंगत सदस्य शंकर लाल नागवंशी एवं मनहरण लाल कलिहारी को मौन श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम का संचालन सचिव पीएल देशमुख एवं आभार प्रदर्शन बीआर साहू ने किया। ये रहे उपस्थित बैठक बीआर बेलसर, राजेंद्र साहू, आरके वर्मा, खिलावन देशमुख, सुरेंद्र ताम्रकार, यूएस ठाकुर, लखन प्रसाद तिवारी, पंचम लाल धनकर, केएल कौशिक, आरके वर्मा, पवर सिंह सॉरी, नंद कुमार ठाकुर, भुवन सिंह युवके, आईआर देवांगन, मोहनलाल साहू, युवराज सिंह ठाकुर, अमर कुमार साहू, विष्णु राम ठाकुर, वेणु सॉरी, एस के नेताम, पुष्पा बाई कलिहारी, किरण सिन्हा, गीता हिरवानी, हेमवती सिहारे आदि उपस्थित थे।




**तुरंत आराम के लिए**
**तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय**
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, केमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

